बीटेक–बीफार्मा लेट्रल एंट्री की काउंसलिंग शुरू

12 जून से बीटेक, बीफार्मा, बीएचएमसीटी, एमबीए, एमसीए की होगी काउंसिलिंग

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) से संबद्ध राजकीय, सहायता प्राप्त व निजी इंजीनियरिंग कालेजों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में 12 जून से प्रवेश के लिए आनलाइन काउंसलिंग शुरू हो रही है। वहीं मंगलवार यानी आज से बीटेक लेट्रल एंट्री व बीफार्मा लेट्रल एंट्री में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रारंभ कर दी गई है।

यूटीयू के कुलसचिव डा. सत्येंद्र सिंह ने मंगलवार को कार्यक्रम जारी किया। बताया कि बीटेक द्वितीय वर्ष (लेट्रल एंट्री), बीफार्मा प्रथम व द्वितीय वर्ष (लेट्रल एंट्री) इन दोनों पाठ्यक्रम में पहले काउसलिंग की जा रही है। इसके बाद 12 जून 2023 से बीटेक, बीफार्मा, बीएचएमसीटी, एम-टेक, एम-फार्मा, एमबीए, एमसीए, बीए-एलएलबी, बीबीए-एलएलबी, एलएलबी, एलएलएम, फार्मा-डी के लिए आनलाइन काउंसलिंग शुरू कर दी जाएगी।

अधिक से अधिक छात्रों को दें अवसर: कुलपति

वीर माधो सिंह भंडारी प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि विवि ने पहली बार दाखिले की केंद्रीकृत व्यवस्था की और मंगलवार यानी आज से बीटेक और बी फार्मा लेट्रल एंट्री में दाखिले को काउंसलिंग शुरू कर दी है। 12 जून से विवि के सभी पाठ्यक्रमों में काउंसलिंग प्रारंभ कर दी जाएगी। ताकि समय पर नया सत्र शुरू हो सके।

काउंसिलिंग कार्यक्रम

30 मई से तीन जून तक काउंसलिंग फीस बैंक में जमा होगी।

इसी बीच आनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा। 15 से 17 जून तक सीट आवंटन होगा।

28 से 30 जून तक आवंटित कालेज में प्रवेश होगा।

काउंसलिंग में ऐसे हों शामिल

काउंसलिंग में शामिल होने के इच्छुक छात्र वीर माधो सिंह भंडारी प्रौद्योगिकी विवि की वेबसाइट www.uktech.ac.in से बैंक चालान डाउनलोड कर बैंक में शुल्क जमा कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए सभी कैटेगरी के छात्रों को निर्धारित शुल्क देना होगा। इसके बाद आनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा सकेगा। पंजीकरण के अगले दिन अभ्यर्थियों को आनलाइन काउंसलिंग में शामिल किया जाएगा।

ये हैं विवि के संबद्ध कालेज

- जीबी पंत इंजीनियरिंग कालेज, पौड़ी
- महिला प्रौद्योगिकी संस्थान सुद्धोवाला, देहरादून
- इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी गोपेश्वर, चमोली
- टिहरी हाईड्रो पावर आइएचटी नई टिहरी
- विपिन चंद्र त्रिपाठी कुमाऊं विवि द्वाराहाट
- डा. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग कालेज टनकपुर
- नन्हीं परी सीमांत प्रौद्योगिकी संस्थान पिथौरागढ
- कालेज आफ टेक्नोलाजी पंतनगर
- कालेज आफ बेसिक ह्यूमनिटी पंतनगर